श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016

क्रमांक एफ-03/100/ला.ब.शा.रा.सं.वि./2024-25/12555 दिनांक 27.08.2024

प्रवेश सूचना (Non-CUET 2024-25)

विषय: शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रवेश के सम्बन्ध में।

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में शास्त्री (बी.ए.), बी.ए. (योग), आचार्य (एम.ए), एम.ए. योग पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाईन माध्यम से दिनांक 26.08.2024 तक आवेदन आमंत्रित किये गये थे। विश्वविद्यालय द्वारा लिये गये निर्णयों के अनुसार उन अभ्यर्थियों को शैक्षणिक नियम परिचायिका 2024-25 में प्रदत्त प्रावधानों के अनुसार उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश, अर्हता परीक्षा के लब्धांक की वरीयता सूची के आधार पर निर्धारित स्थानों के अनुसार साक्षात्कार के माध्यम से संबंधित विभाग की प्रवेश समिति की अनुशंसा के आधार पर प्रवेश प्रदान किया जाएगा। निम्नलिखित विवरण के अनुसार ऑफलाईन माध्यम से प्रवेश समितियों द्वारा साक्षात्कार का आयोजन किया जायेगा।

क्र0सं0	सम्बन्धित पीठ (विषय)	समय एवं तिथि	स्थान
01	साहित्य एवं संस्कृति पीठ-(साहित्य, प्राकृत)	दिनांक 27.08.2024 से 30.08.2024 तक	शैक्षणिकसदनम्, पीठ प्रमुख कार्यालय
02	दर्शनशास्त्र पीठ- (प्राचीनन्याय, नव्यन्याय, सर्वदर्शन, सांख्ययोग, अद्वैतवेदान्त, विशिष्टाद्वैतवेदान्त, जैनदर्शन, मीमांसा, योग)	दिनांक 27.08.2024 से 30.08.2024 तक	शैक्षणिकसदनम्, प्रथम तल, पीठ प्रमुख कार्यालय
03	वेदवेदांग पीठ- (शुक्लयजुर्वेद, धर्मशास्त्र, नव्यव्याकरण, प्राचीनव्याकरण, पौरोहित्य, सिद्धान्तज्योतिष, फलितज्योतिष, वास्तुशास्त्र)	दिनांक 27.08.2024 से 30.08.2024 तक	स्वर्णजयन्तीसदनम्, प्रथम तल, पीठ प्रमुख कार्यालय
04	पुराणविद्यापीठ- पुराणेतिहास	दिनांक 27.08.2024 से 30.08.2024 तक	सारस्वतसाधनासदनम्, तृतीय तल, पीठ प्रमुख कार्यालय

प्रवेश हेतु अभ्यर्थी सम्बन्धित प्रवेश समिति के समक्ष ऑफलाईन माध्यम से अपने मूल-दस्तावेजों तथा उनकी स्वयं सत्यापित प्रतिलिपियों के साथ उपस्थित होंगे। प्रवेश समिति की अनुशंसा के उपरांत ऑनलाइन माध्यम से प्रवेश शुल्क जमा किया जायेगा। अस्पष्ट प्रमाण पत्रों की स्थिति में अस्थाई प्रवेश पर विचार नहीं किया जायेगा। निम्नलिखित मूल-प्रमाण पत्र को अपने साथ लेकर आना अनिवार्य होगा।

प्रमाण पत्रों की सूची-

1. पूर्व उत्तीर्ण परीक्षाओं की उत्तीर्णता के विषय में विश्वविद्यालय अथवा मान्यता प्राप्त संस्था से प्राप्त मूल-प्रमाण पत्र।
2. मूल जन्मतिथि प्रमाण पत्र (मैट्रिक या तत्समकक्ष परीक्षा का प्रमाण-पत्र)
3. निष्क्रमण प्रमाण-पत्र
4. मूल चरित्र प्रमाण-पत्र।
5. आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण-पत्र।
6. आधार कार्ड की प्रतिलिपि।
7. ए.बी.सी. आई-डी.
8. स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र (केवल बी.ए. (योग) पाठ्यक्रम हेतु)

नोटः प्रवेश हेतु विस्तृत विवरण तथा शैक्षणिक नियम परिचायिका विश्वविद्यालय की वेबसाईट (slbsrsv.ac.in) पर उपलब्ध है। जानकारी हेतु अभ्यर्थी आवश्यकतानुसार विश्वविद्यालय से भी सम्पर्क कर सकते हैं। सम्पर्क सूत्र/**Helpline Number: 011-46060503/548/542**

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

प्रतिलिपि सूचनार्थः

1. समस्त पीठ प्रमुख/विभागाध्यक्ष
2. निदेशक, IQAC एवं कुलानुशासक
3. पुस्तकालय अध्यक्ष (प्रभारी)
4. छात्रावास अधिष्ठाता
5. नोडल अधिकारी (Anti-Ragging)
6. सम्पर्क अधिकारी (SC/ST/OBC)
7. उपकुलसचिव (परीक्षा)
8. सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर
9. जन सम्पर्क सूचना अधिकारी
10. सहायक कुलसचिव (लेखा)
11. संगणक विभाग को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर प्रेषित करने तथा ऑनलाईन माध्यम से प्रवेश शुल्क जमा करवाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।
12. सम्बन्धित पंजिका एवं सूचना पट्ट

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)